**खबर संक्षेप**

### बच्चों द्वारा निर्मित सामग्री का लगाया गया स्टॉल

**कटनी।** 'मिशन वात्सल्य' के तहत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में रहने वाले बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कटनी परिसर में बच्चों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों का एक विशेष स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में बाल देखरेख संस्थाओं के बच्चों द्वारा दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सुन्दर दिये, ग्लास कैंडल, रंग बिरंगे तोरण, वॉल हैंगिंग, झालर एवं अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा स्टॉल का अवलोकन कर बच्चों द्वारा निर्मित सुन्दर दिये, कैंडल, झालर आदि की प्रसंशा की गई। उन्होंने दिये, कैंडल आदि का क्रय कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जीतेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रदीप मिश्रा, विंकी उइके एवं ज्योति लिल्हारे द्वारा भी स्टॉल से सामग्री का क्रय किया गया एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

### कलेक्टर ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा मासिक निरीक्षण के तहत शुक्रवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

**पीसीसी चीफ ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर घेरा, पीड़ित से संघ प्रमुखों ने भी की मुलाकात**

# 24 घंटे में आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी तो भीम आर्मी सड़क पर उतरकर करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

थाना क्षेत्र के मटवारा में 13 अक्टूबर की रात हुई मानवीयता को शर्मशार करने देने वाली घटना में राजनैतिक सियासत गर्मा गई है। घटना को लेकर जिले से लेकर राजधानी भोपाल तक हलचल मच गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर ट्वीट करते हुये मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को घेरा। जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बीते 24 घंटो से प्रतीक्षा कर रहा था कि मध्यप्रदेश के एक ओर दलित विरोधी आपराधिक कृत्य पर आपकी चुप्पी टूटेगी। सीधी के बाद अब कटनी में भी पेशाब कांड हो गया। दलित उत्पीड़न की घटनाये मध्यप्रदेश के माथे पर काला टीका लगा चुकी है। कटनी में अराजक कहानी को सुनने ओर पूरे देश को सुनाने के लिए, मै जल्दी ही कटनी जा रहा हूँ। कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश के दलितों के दर्द को हर हाल मै आवाज़ देगी। यह शोर कटनी के रास्ते भोपाल तक सुनाई देगा।

### आजाद समाज प्रमुख ने की बात

आजाद समाज प्रमुख व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भीम आर्मी संगठन के सदस्यों को मटवारा जाकर पीड़ति युवक से चर्चा कराने को कहा जिसके बाद पीड़ित युवक से चंद्रशेखर आजाद ने वीडियो काल पर पूरे मामले पर चर्चा की। चर्चा उपरांत चंद्रशेखर आजाद ने कहा आजाद समाज पार्टी सहित भीम आर्मी आपके साथ ख़डी है। मै जल्द कटनी आ रहा हूँ। वही आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील आस्ते ने भी वीडियो जारी कटनी के मटवारा में दलित युवक के साथ हुये पेशाब कांड को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को घेरा। साथ ही सख्त अल्टीमेटम भी दिया गया कि यदि 24 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तों फिर भीम आर्मी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी।

### एससी -एसटी/ओबीसी नेता भी मिले

मटवारा मामले पर शुक्रवार को ओबीसी महासभा प्रदेशाध्यक्ष राकेश लोधी, जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल व जिला पंचायत सदस्य अजय गौटिया मटवारा गाँव पहुंचकर पीड़ति युवक राजकुमार चौधरी से भेंट की ओर मामले को लेकर विस्तृत जानकारी ली जिस पर पीड़ित युवक ने पूरा घटनाक्रम बतलाया जिसके बाद सामाजिक नेताओं ने कहा कि एससी/एसटी ओर ओबीसी महासभा यह घृणित कृत्य बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि 24 घंटे मै आरोपियों कि गिरफ्तारी नहीं हुई तों फिर सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।



### आरोपितों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

घटना के आरोपित सरपंच रामानुज पांडेय, सरपंच पुत्र पवन पांडेय, सतीश पांडेय ओर रामबिहारी हल्दकार मामले पर एफआईआर होने के बाद से फरार हो गये है। साथ सभी आरोपियों के मोबाइल भी बंद है। अभी तक स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है जिसके बाद भीम आर्मी जिलाध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध के द्वारा यह अल्टीमेटम दिया गया है कि कटनी प्रशासन द्वारा अगर शुक्रवार सुबह 10 बजे तक आरोपियों के विरुद्ध एनएसए की कार्यवाही कर गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो फिर दोपहर 12 बजे भीम आर्मी एवं सहयोगी संगठनों द्वारा विशाल आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन -प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार सुमन का कहना है कि मटवारा मामले पर शामिल चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्द करने के बाद गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस के द्वारा दबिश के साथ जानकारी जुटाई जा रही है क्योंकि सभी आरोपियों के मोबाइल बंद है जिस कारण संपर्क नहीं हो पा रहा है जल्द से जल्द गिरफ्तारी कि जाएगी।



## योजना में गड़बड़ी के आरोप अर्थी निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। पार्टी ने जिले की पात्र आदिवासी महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित रखने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने विश्राम बाबा से कलेक्ट्रेट तक एक प्रतीकात्मक अर्थी रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने आरोप लगाया कि सरकार अपने रिश्तेदारों व चहेतों को योजना का लाभ दे रही है। उन्होंने दावा किया कि कटनी जिले की लाखों पात्र महिलाएं इस योजना के लाभ से वंचित हैं, जबकि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं। लाड़ली बहना योजना में अनियमितताओं के आरोपों के अतिरिक्त सपा प्रदेश अध्यक्ष ने जिले में आदिवासी समुदाय के अधिकारों के हनन का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीनें छीनी जा रही हैं, उन्हें बेघर किया जा रहा है। यादव ने चेतावनी दी कि सपा इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ेगी। ज्ञापन के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि कटनी जिले की सभी पात्र महिलाओं को जल्द से जल्द लाड़ली बहना योजना का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही, गरीब आदिवासियों को उनकी जल, जंगल और जमीन वापस दिलाई जाए तथा उन्हें बेघर करने की कार्रवाई तत्काल रोकी जाए। यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो पार्टी जिले में बड़ा आंदोलन शुरू करने बाध्य होगी।

*रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनिया बायपास पर हुआ हादसा*

## बस और ट्रक में हुई आमने सामने से भिड़ंत, हादसे में 13 यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र में एक यात्री बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। कटनी-दमोह मार्ग पर जमुनिया बाईपास के पास हुए इस हादसे में 13 यात्री घायल हो गए। इनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है।

### चालक को आई झपकी

जानकारी के मुताबिक, बस (MP 04ZZ 8747) भोपाल से रीवा जा रही थी, जबकि ट्रक (HR 73 1587) कटनी से दमोह की ओर जा रहा था। बस ड्राइवर ने बताया कि रात 3 बजे तक गाड़ी चलाने के कारण उसे झपकी आ गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। बस में करीब 20 यात्री सवार थे।



घटना की सूचना मिलते ही रीठी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

### घायलो को भेजा अस्पताल

रीठी थाना प्रभारी शाहिद खान ने बताया कि पुलिस ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों में दोनों वाहनों के चालक भी शामिल हैं। सभी चोटिल यात्रियों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में भर्ती कराया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## ओवरलोड परिवहन पर दो वाहनों को किया जब्त



जिले में अवैध खनिज परिवहन पर लगाम कसने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खनिज विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार देर रात खनिज विभाग की टीम ने चाका बायपास और झिंझरी बायपास पर वाहनों की सघन जांच की ।उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि जांच के दौरान पन्ना मोड़ के पास दो हाइवा वाहनों को अतिरिक्त मात्रा में गिट्टी का परिवहन करते पकड़ा गया। दोनों वाहनों को जप्त कर कोतवाली थाने में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है ।जांच दल ने बड़वारा रोड और पन्ना रोड पर भी पूरी रात निरीक्षण अभियान चलाया।



## 161 विद्यार्थियों को वितरित की गई साईकिलें

**उमरियापान।** मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत उमरियापान के सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला मंत्री मंडल विजय दुबे,अध्यक्ष आशीष चौरसिया,सरपंच अटल ब्यौहार, बीडीसी शैलेंद्र पौराणिक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने 161 विद्यार्थियों को साईकिलें बांटी। प्रचार्य मुकेश पटेल ने बताया कि कक्षा 6वीं में पढ़ने वाले 27 विद्यार्थियों और कक्षा 9 वीं में पढ़ने वाले 134 विद्यार्थियों को साइकिलें वितरण की गई। साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। साइकिलें मिलने से अब विद्यार्थियों को स्कूल आने जाने में परेशानी नहीं होगी।

इस मौके पर संतोष दुबे,राजेश ब्यौहार,जितेन्द्र अरोरा,पारस पटेल,प्रदीप चौरसिया,अंकित झारिया,शैंकी चौरसिया,राकेश दाहिया,दिनेश गुप्ता,ज्ञानचंद चौरसिया,विनोद साहू,रिंकू मिश्रा,रिंकल सोनी, रामविशाल विश्वकर्मा,यश चौरसिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

*डोंगरगढ़ से पवित्र चरण लाकर जैन मंदिर बाकल में हुए विराजित*

## शोभायात्रा में आचार्यश्री के लगे जयकारे, सत्य और अहिंसा का दिया संदेश, आरती उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

दिगंबराचार्य समाधिस्थ आचार्य विद्यासागरजी महा मुनिराज के पावन पवित्र चरण डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ समाधि स्थल से लाकर आचार्य समय सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाकल में विराजित हुए। सकल जैन समाज के साथ आयोजक परिवार द्वारा झांकी के माध्यम से बाकल बस स्टैंड से भव्य शोभायात्रा निकली गई।

नगर में जगह-जगह रंगोली डालकर समस्त धर्म प्रेमी जनों ने शोभायात्रा में विराजित गुरु चरणों की वंदना पूजन की तथा प्रसाद वितरण किया। शोभायात्रा बाकल बस स्टैंड से कीर्ति स्तंभ शुक्ला कॉलोनी होते हुए बाजार प्रांगण उपरांत मंदिर प्रांगण पहुंची !जहां आयोजक परिवार के पुष्पेन्द्र मोदी, मनोज मोदी, प्रांजल मोदी सपरिवार द्वारा गुरु चरणों का पाद प्रच्छालन कर पाशर्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में स्थापित किये गये। तत्पश्चात समाजजनो द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज के योगदान को याद किया। वक्ताओ ने कहा कि आचार्य श्री ने समाज को सक्रिय कर विभिन्न आयाम स्थापित किए।



आचार्य श्री ने हथकरघा उपक्रम स्थापित किए। भाग्योदय और पुण्योदय जैसे तीर्थों की स्थापना की। प्रतिभास्थलियों के माध्यम से बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया। गौशालाओं के माध्यम से प्राणियों की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने सक्रिय सम्यक दर्शन की भूमिका को समाज के सामने रखा। आगे वक्ताओ ने कहा कि आचार्य श्री कभी किसी के विरोध में खड़े नहीं हुये कभी किसी ने उनका अथवा उनके विचारों का या उनके किसी उपक्रम का विरोध भी कर दिया तो उसको भी वह मुस्करा के टाल गये, उनका चिंतन इतना गहरा था कि विरोधी भी उनके सामने घुटने टेक देते थे वह अपनी मधुर मुस्कान के साथ सामने बाले को सहजता से स्वीकार करा देते थे यही कारण था कि जो लोग एकांतवादी विचारधारा के तथा असहज थे वह भी गुरुदेव के चरणों में आकर झुकते हुये देखे गये

इस दौरान कार्यकम मे जीवनधर मोदी, नरेन्द्र सिंघई, पं सौरभ जैन, विद्यायतन सुरेन्द्र सिघई,अजय अहिंसा, सुरेश चंद जैन,रमेश जैन,दिनेश जैन,पवन मोदी, विमल सिंघई,विनीत सिंघई,प्रखर जैन, डॉ सुबोध जैन, रामकुमार सराफ आदि की उपस्थिति रही।

## अनियंत्रित कार डिवाईडर से टकराई, मां-बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नैगवां के पास गाय को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। हादसे में कार सवार मां व बेटे गंभीर चोट आई है। घायल मां व बेटे को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए एमजीएम हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार न्यू बस स्टैण्ड रीवा निवासी श्रीमति कार्तिका मिश्रा 40 वर्ष पति नीतेश मिश्रा किसी कार्य से पूना गई हुई थी। कार्तिका कार क्रमांक MP 66 C 0556 पूना से वापस रीवा लौट रही थी। कार में उनका 8 वर्षीय पुत्र सक्षम मिश्रा भी था। बताया जाता है कि थाना स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम नैगवां के पास अचानक सामने गाय आ गई जिसको बचाने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में मां एवं बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनो को एम.जी.एम. अस्पताल पहुंचाया गया जिनका उपचार जारी है।



**श्री हास्पिटल में सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

## हृदयाघात होने पर पीड़ित की सीपीआर से बचाई जा सकती है जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

श्री हॉस्पिटल में सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमएचओ जिला कटनी एवं विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन जिला अस्पताल कटनी की उपस्थिति में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। श्री हॉस्पिटल एवं साईनाथ ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की ओर से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग मप्र के निर्देशानुसार 13 से 17 अक्टूबर तक शासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। श्री हॉस्पिटल में 16 एवं 17 अक्टूबर को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सीपीआर जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य संकट के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। सीपीआर सामूहिक प्रदर्शन के साथ पोस्टर प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।



सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डॉ दीपक सक्सेना ,डॉक्टर राज सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला कटनी डॉक्टर यशवंत वर्मा सिविल सर्जन सिविल हॉस्पिटल कटनी डॉ राजेंद्र गुप्ता डॉक्टर पूजा जैन डॉक्टर दिनकर शर्मा डॉक्टर सनत तिवारी डॉक्टर दीक्षित सर डॉक्टर संजय शिवहरे एवं साईनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के समस्त शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



श्री हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ दीपक सक्सेना ने बताया कि हृदय संबंधी समस्याओं में सीपीआर का महत्व इसलिए है क्योंकि यह तब तक जीवन बचाता है जब तक कि आपातकालीन चिकित्सा सहायता नहीं आ जाती, हृदय गति रुकने पर मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक ऑक्सीजन युक्त रक्त के प्रवाह को बनाए रखता है। सीपीआर करने से व्यक्ति के बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। यह हृदय और फेफड़ों के कार्य को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे मस्तिष्क को क्षति से बचाया जा सके।

### सीपीआर इसलिए है महत्वपूर्ण

सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) एक ऐसा कौशल है जो किसी व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट या सांस रुकने की स्थिति में जीवित रहने में मदद कर सकता है। सीपीआर में छाती पर दबाव डालने से हृदय की धड़कन की नकल होती है और मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक रक्त का प्रवाह बना रहता है। बचाव श्वास के साथ सीपीआर देने से शरीर में ऑक्सीजन पहुँचती रहती है, जो मस्तिष्क और अन्य अंगों के लिए आवश्यक है। सीपीआर के साथ-साथ समय पर चिकित्सा सहायता मिलने पर किसी व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना दोगुनी या तिगुनी हो सकती है।

## भीम आर्मी ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

भीम आर्मी ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में जिन मांगों का उल्लेख है उनमें बड़वारा में शासकीय ITI कॉलेज का निर्माण कराया जाए ताकि विद्यार्थियों को बड़वारा में ही तकनीकी शिक्षा मिल सके । 2. प्राइवेट कॉलेज में अधिक शुल्क लिया जाता है जिससे एक गरीब तख्ते का विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाता है ।3.बड़वारा को छोड़कर कटनी जिले के सभी तहसीलों में शासकीय TIT कॉलेज की व्यवस्था है ।4.बड़वारा में काफी दिनों से ITI की मांग चल रही है लेकिन अभी तक बड़वारा में शासकीय ITI की अभी तक व्यवस्था नहीं कराई गई बड़वारा 5.सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को लेकर हमने कटनी कलेक्टर को ज्ञापन सोपा था जिसमें अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं



महिला सर्जन डॉक्टर की व्यवस्था की जाए। ताकि प्रसव की व्यवस्था केंद्र में उपलब्ध हो। स्थाई BMO को नियमित किया जाए ।डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं आते हैं । 24 घंटे इलाज की व्यवस्था की जाए केवल 10:00 बजे से 1:00 तक ही इलाज किया जाता है। सोनोग्राफी की व्यवस्था की जाए। लैब में रिपोर्ट समय से नहीं मिलती और रिपोर्ट भी गलत आती है। स्लीमनाबाद थाना के ग्राम मटवारा की पेशाब कांड के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए है। और पीड़ित को न्याय दिया जाए । ST SC OBC अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार बंद किया जाए ।

आए दिन ST SC OBC अल्पसंख्यक समुदाय के ऊपर अत्याचार होते रहते है। किसी से पैर धुलाए जाते है । तो किसी के ऊपर पेशाब किया जाता है किसी का सर मुंडवाकर पूरे गांव में घुमाया जाता हैं। इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाया जाए।

बड़वारा में SDM कोर्ट लिंक कोर्ट को रेगुलर कोर्ट किया जाए । चूंकि केवल 1 दिन बुधवार नियत है। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। पेशी में लोग 70 से 80 किलोमीटर दूर से आते है। एवं विधानसभा क्षेत्र के नाते भी यहां SDM कोर्ट रेगुलर किया जाना चाहिए ।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने विरासन माता का किया पूजन-अर्चन

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पाली कचनारी स्थित विरासन माता के प्रसिद्ध मंदिर में पहुंचकर पूजन-अर्चन किया और जिलेवासियों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। कलेक्टर श्री तिवारी को यहां पर मौजूद स्थानीय जनों ने,न केवल आसपास के धर्मावलंबियों और श्रद्धालुओं बल्कि दूर-दराज और प्रदेश के बाहर के श्रद्धालुओं की भी विरासन माता के मंदिर से जुड़ी आस्थाओं की जानकारी दी और यहां नवरात्रि पर्व के दौरान लगने वाले वृहद मेला आयोजन की भी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

### सीईओ ने निरीक्षण कर विकास कार्यों की टटोली नब्ज

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने हेतु दिए गए निर्देशों को फलीभूत करने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर वस्तुस्थिति का आकलन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह ने ग्राम पंचायत घनघरी खुर्द पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, समग्र ई केवाईसी, विभिन्न योजनाओं और मद से स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर नब्ज टटोली। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जनपद सीईओ श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास पूर्णता एवं स्वीकृत हितग्राहियों द्वारा कराए गए कार्य की प्रगति के आधार पर किश्त जारी करने की कार्यवाही अविलंब करें। इस दौरान ग्राम पंचायत के सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### शिकायतों का निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने दिए निर्देश

**कटनी।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने सेक्टर उमरिया पान एवं धरवारा से सम्बद्ध ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक ग्राम पंचायत उमरिया पान के सभा कक्ष में की। श्री कोरी में ग्राम पंचायत एवं योजना वार आवास पूर्णता, समग्र ई केवाईसी, स्वीकृत निर्माण कार्यों सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण एवम् तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियो और ग्राम पंचायतों को दिए। इसबी दौरान सहायक यंत्री अजय केसरवानी एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभारी, सेक्टर से संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने वृद्धा की सुनीं समस्या, तहसीलदार को कार्रवाई के दिए निर्देश

**कटनी।** ढीमरखेड़ा तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने पहुँचे कलेक्टर आशीष तिवारी की नज़र तहसील प्रांगण में झुकी कमर के साथ आ रही करीब 80 वर्षीय वृद्धा पर पड़ी। जिस पर कलेक्टर स्वयं चलकर वृद्धा के पास जा पहुँचे और आत्मीयता से पूछा, अम्मा...कैसे आना हुआ.. वृद्धा की पहचान ग्राम झिन्ना पिपरिया निवासी सखिया बाई पति बख्तू यादव के रूप में हुई। अपनी समस्या बताते हुए वृद्धा ने कलेक्टर को जानकारी दी कि वह अस्वस्थ हैं और उनकी जमीन पर कुछ व्यक्तियों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिसके निराकरण के लिए वह इतनी तकलीफ उठाकर तहसील आई हैं। वृद्धा की समस्या और उनकी स्थिति को देखते हुए, कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद तहसीलदार नितिन पटेल को निर्देशित किया कि वह शुक्रवार को ही ग्राम झिन्ना पिपरिया पहुँचकर मामले का त्वरित निराकरण करें। कलेक्टर ने वृद्धा सखिया बाई के अस्वस्थ होने की जानकारी पर संज्ञान लेते हुए, एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल को वृद्धा का उपचार कराने निर्देश दिया।

## दीपोत्सव पर्व की आज से होगी शुरूआत, धनतेरस में खरीदी का है खास महत्व

# धनतेरस : सजा बाजार, आज होगी धन वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





दीपोत्सव पर्व का आगाज आज शनिवार से हो रहा है। आज धनतेरस को लेकर पूरा बाजार सज गया है। बर्तन, कपड़ा, ज्वेलर्स, किराना, लक्ष्मी गणेश की प्रतिमाएं, लाई बताशे, सजावट की सामग्री, इलेक्ट्रानिक्स आईटम सहित आटोमोबाइल्स का बाजार सज गया है। आज धनतेरस को बाजार में धनवर्षा होगी। दुकानदारों में भी उत्साहित दिखाई दिये। मुख्य बाजार से लेकर फुटपाथ तक में फुटपाथी दुकानदारों ने सामग्रियों की बिक्री के लिए अपनी दुकानें सजा ली है। दीपोत्सव पर्व इस बार 5 दिन नही बल्कि 6 दिनों का होगा। दीपावली पर्व पर साफ सफाई का विशेष महत्व होता हे जिसके लिए घरो दुकानों का रंगरोगन अंतिम दौर पर चल रहा है। दीपोत्सव पर्व को शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में बाजार सजकर तैयार हो गया है।

शनिवार धनतेरस से खरीददारी के लिए बाजार मे चहल-पहल बढ़ेगी। बर्तनों की सजी दुकानें-दीपोत्सव पर्व को लेकर एक ओर जहां दो पहिया वाहन,चार पहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, मिठाइयों की दुकानें,स्वर्ण -आभूषण की दुकानें तो सज गई है। वही बर्तनों की दुकानें भी सज गई है।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि धनतेरस के दिन ही आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के जनक के रूप मे भगवान विष्णु धन्वंतरि देव के रूप मे समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए धनतेरस को धन्वंतरि जयंती भी मनाई जाती है।धन्वंतरि देव जब समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे उस समय उनके हाथ मैं अमृत भरा कलश था।इसी वजह से धनतेरस के दिन बर्तन खरीदने की परंपरा भी पड़ी।धनतेरस पर्व से ही दीपावली की शुरुआत होती है।

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट से हो रहा है, जो 19 अक्टूबर, रविवार को दोपहर 1 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी।धनतेरस पर अमृत काल सुबह 8 बजकर 50 मिनट से 10 बजकर 33 मिनट तक,अभिजीत मुहूर्त,दोपहर 12 बजे से लेकर दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक ओर लाभ-उन्नति चौघड़िया मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 51 मिनट से लेकर दोपहर 3 बजकर 18 मिनट तक है।

### 100 वर्षो बाद बन रहा त्रिग्रही योग

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि धनतेरस पर इस साल कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है, जो दशकों के बाद निर्माण हो रहा है। इस साल धनतेरस पर हंस राजयोग, त्रिग्रही, मंगल आदित्य योग, बुधादित्य योग, विपरीत राजयोग, केंद्र त्रिकोण राजयोग से लेकर ब्रह्म योग का निर्माण होने वाला है। ये योग प्रत्येक राशियों के लिए शुभ होंगे। इसके अलावा धन के देवता कुबेर की विशेष कृपा के लिए इस संयोग में उनका पूजन विशेष शुभफलदायक होता है। कुछ राशियों के लिए यह धनतेरस अत्यंत शुभ रहेगी। इनके अलावा अष्ट महायोग भी इस दिन रहेंगे।

धनतेरस पर चांदी खरीदना अति शुभ रहेगा। अष्ट महायोग में हर्ष, सरल, शंख, लक्ष्मी, शश, साध्य, मित्र और गजकेसरी बनेंगे जो बेहद शुभ माने जा रहे हैं।अहीरों की नृत्य टोलियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र-कार्तिक मास की अमावस्या पर दीपावली का पर्व मनाया जाता है।जो इस बार 20 अक्टूबर सोमवार को मनाया जाएगा।रात्रि मै दीपावली पर्व मनाने के बाद अहीरों की टोलियां गांव भ्रमण पर निकलती है जो आकर्षण का केंद्र होती है।पारंपरिक परिधान से सुसज्जित अहीर दीवाली गीतों की धुन पर जब थिरकते है तो लोग अपने आप नाचने को आतुर हो जाते है।दीपोत्सव पर्व की रात मैं गांव गांव को जगाने अहीरों की टोलियां जाती है।



# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

**जिला स्तरीय मोगली उत्सव प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित**

जिला स्तरीय मोगली उत्सव प्रश्न मंच प्रतियोगिता में बड़वारा विकासखंड के दल में सम्मिलित संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेला के छात्र सुरेन्द्र सोनी एवं शासकीय हाई स्कूल मझगवा की छात्रा अभिलाषा कुशवाहा के दल ने विकासखंड बड़वारा को प्रथम स्थान दिला कर परचम लहराया उक्त दोनों छात्रों ने ग्रामीण परिवेश के विद्यालयों के होने के बावजूद जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बनाकर समूचे विकासखंड का नाम रोशन किया है ।

दोनों ही विद्यालयों के प्राचार्य क्रमशः आरके शुक्ला एवं श्रीमती रचना तिवारी और दोनों ही छात्र-छात्रा और उनके समस्त स्टाफ इस उपलब्धि पर बधाई के पात्र हैं। ज़िला शिक्षा अधिकारी एस एस मरावी, सहायक संचालक राजेश अग्रहरी, एडीपीसी अभय जैन, सहायक संचालक श्रीमती धनश्री जैन,उत्कृष्ट विद्यालय कटनी के प्राचार्य एम किड़ो, डी पी सी प्रेम नारायण तिवारी, विकासखंड बड़वारा की ओर से विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एम सिंह, विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य चंदन सिंह बड़वारा बी आर सी सोबरन सिंह ,उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया ने दोनों छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ को बधाई प्रेषित की है। उक्त चयनित प्रतिभागी पेंच नेशनल पार्क सिवनी में विभाग की ओर से भ्रमण हेतु जावेंगे।

**विकास कार्यों से लोगों को मूलभूत सुविधाओं से मिलेगी सहूलियत**

# दो वार्डों में 60 लाख रूपए से होने वाले विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दीपावली पर्व के आगमन से पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार को नगर के दो वार्डों के चार स्थलों में लगभग 60 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले सीसी सड़क एवं नालियों के विकास कार्यों का भूमिपूजन स्थानीय पार्षदों एवं गणमान्य जनों के साथ उल्लासपूर्ण माहौल के बीच संपन्न कराते हुए शहरवासियों को विकास कार्यों का बड़ा तोहफा दिया है।

वंशवरूप वार्ड में 41.40 लाख रुपए की लागत से तीन स्थलों में द्वारका सिटी रोड के किनारे नाला रिपेयरिंग एवं कवरिंग, द्वारका सिटी के गेट तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाएंगे । जबकि वेंकट वार्ड में नारायण केवट के मंदिर से मालती, कोमल बर्मन 19.45 लाख रुपए से सी सी रोड निर्माण कार्य शामिल है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि निगम प्रशासन का उद्देश्य है कि कटनी को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए।

विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और कटनी नगर निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। आने वाले समय में शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। शहर के प्रत्येक नागरिक को अच्छी आवागमन सुविधा, विद्युत, शुद्ध पेयजल, सीवर लाइन, शिक्षा एवं साफ सफाई की व्यवस्था कराना ही नगर निगम की प्राथमिकता है।

महापौर श्रीमती सूरी ने भूमिपूजन के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण एवं उपस्थित नागरिकों द्वारा कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी का स्वागत सम्मान किया जाकर निगम प्रशासन वार्डों में कराए जा रहे इन विकास कार्यों से मूलभूत सुविधाओं में विस्तार होने की बात कही गई जाकर निर्माण कार्य पूर्ण होने से सुगम आवागमन सहित जल निकासी एवं सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होने की बात कही।

## बाल विवाह नहीं कराने किया जागरूक, दी जानकारी



महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना विजयराघवगढ़ द्वारा कन्या शाला विजयराघवगढ़ में बाल विवाह सम्बन्धी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया ।जिसमें उपस्थित बच्चियों को बाल विवाह सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई ।विभाग की तरफ से पर्यवेक्षक ऋतु ठाकुर एवं कलावती गौतम ने छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि महिलाओं की विवाह की सही उम्र शासन द्वारा 18 वर्ष निर्धारित की गई है एवं पुरुषों के लिए 21 वर्ष है। उन्हें बताया गया कि कम उम्र में विवाह होने बच्चियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।बाल विवाह एक कानूनी रूप से अपराध है और इस कुरीति से हम सबको मिल कर लड़ना होगा ।समाज में इसके प्रति जागरूकता लानी होगी। इसके बाद एक रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राएं एवं समस्त जन उपस्थित थे। इस अवसर पर पर्यवेक्षक ऋतु ठाकुर,कलावती गौतम,शिवम् मिश्रा,एवं कन्या शाला विजयराघवगढ़ के स्टाफ भी उपस्थित थे।

# बिना अनुमति पटाखे बेचे तो होगी कारवाई, स्थलों का हुआ निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

दीपोत्सव पर्व का आगाज शनिवार यानि आज धनतेरस से शुरू हो जायेगा!पटाखा कारोबार से व्यापारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद है।बहोरीबंद विकासखण्ड मैं पटाखा लायसेंस के लिए 100 लोगो ने आवेदन किये है।जिसमे स्लीमनाबाद ,बहोरीबंद व बाकल मैं पटाखा दुकानों के लिए स्थल चयन कर दिया गया है।चयनित स्थलों की ग्राम पंचायतो के द्वारा साफ सफाई कराई जा रही है।स्लीमनाबाद मैं पटाखा बाजार बहोरीबंद मार्ग मै सोसायटी के ओपन कैप स्थल पर लगेगा। दीपोत्सव पर्व पर बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने पर प्रशासन कारवाई करेगा। इस संबंध में बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया ने बताया कि दीपावली पर्व 2025 के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बाकल क्षेत्र में निर्धारित स्थानों पर अस्थायी आतिशबाजी विक्रय हेतु लायसेंस जारी किये जा रहे हैं। इन निर्धारित क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य स्थलों पर आतिशबाजी का विक्रय प्रतिबंधित है। एसडीएम ने एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि वह अपने-अपने अनुभाग / थाना क्षेत्रान्तर्गत निरीक्षण कर निर्धारित स्थलों / लायसेंसधारियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों / स्थानों, फुटपाथ, ठेलों पर एवं अन्य किसी भी स्थान पर किसी प्रकार की आतिशबाजी के विक्रय पर ₹पूर्णतः रोक की कारवाई की जाए। यदि कोई व्यक्ति ऐसे स्थलों पर आतिशबाजी विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए।करने होंगे सुरक्षा के इंतजाम-एसडीएम के द्वारा जारी आदेशों के अनुसार स्थायी / अस्थायी आतिशबाजी लायसेंसियों को पटाखे की बिक्री के दौरान आगजनी व दुर्घटना रोकने के लिए अग्निशमन यंत्रों, रेत की बाल्टी, पानी की बाल्टी, निर्देशानुसार विद्युत व्यवस्था, दुकानों के मध्य छोड़े गये क्षेत्र को खाली रखना होगा। शर्तों का उल्लंघन पाये जाने पर कार्यवाही की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति ऐसे स्थलों पर आतिशबाजी विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# निर्धारित मात्रा के अंदर ही पटाखों का भंडारण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**अस्पताल, नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि से 100 मीटर की दूरी तक पटाखे जलाना प्रतिबंधित**

दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के सम्बन्ध में मानक संचालन प्रक्रिया के पालन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्देश जारी किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने पटाखा व्यापारियों को पटाखों के निर्माण, विक्रय और प्रस्फोटन आदि के सम्बन्ध में मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों और म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी एस.ओ.पी का पालन करने के निर्देश जारी किया है। जिसके अनुसार दीपावली पर्व के दौरान रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखों का उपयोग किया जा सकता है। ग्रीन पटाखों के अंतर्गत फुलझड़ी, अनार व मेरुन आते हैं। पटाखों का प्रस्फोटन संवेदनशील क्षेत्र जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, हेल्थ केयर सेंटर, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि से 100 मीटर की दूरी तक प्रतिबंधित है। जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाएगा।

### प्रतिबंधित पटाखे

पटाखों में बेरियम सॉल्ट आदि विषैले रसायनों का उपयोग प्रतिबंधित है। लड़ी (जुड़े हुए पटाखे) का निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण, प्रस्फोटन भी प्रतिबंधित है। पटाखों की तीव्रता प्रस्फोटन स्थल से 4 मीटर पर 125 डी.बी.(ए) से अधिक नहीं होनी चाहिए। फटाखों की ऑनलाइन सेल प्रतिबंधित है।

समस्त पटाखा व्यापारी शासन द्वारा निर्धारित पटाखों (ग्रीन पटाखों) का ही विक्रय करेंगे। लाइसेंस में निर्धारित मात्रा के भीतर ही पटाखों का भंडारण करेंगे। अग्नि से सुरक्षा के लिए रेत की बाल्टी, पानी, फायर एक्सटिंग्विशर सिस्टम आदि पर्याप्त मात्रा में रखेंगे। पटाखा दुकानों के पास कोई भी व्यक्ति बीड़ी, सिगरेट ना पिए उसका बोर्ड लगाएंगे एवं लोगों से इसका पालन भी सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी पटाखा व्यापारियों को शासन एवं म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम एवं तहसीलदारों को जिले की सभी पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों का निरीक्षण कर एस.ओ.पी का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम को अस्थाई पटाखा व्यापारियों की दुकाने, निर्धारित स्थल पर ही लगना सुनिश्चित कराने और फायर ब्रिगेड तैयार रखने सहित सुरक्षा के समुचित इन्तेज़ाम रखने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग को पर्व के दौरान अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। म.प्र.टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी को निरीक्षण कर प्रतिबंधित पटाखे बेचने वाले व्यापारियों पर गाइडलाइंस के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि पटाखों के जलने के बाद अधजली बारूद, टुकड़े आदि से पशुओं एवं बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना रहती है, इसीलिए इस कचरे को ऐसे स्थानों पर नहीं फेंका जाए जहां प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं पेयजल स्त्रोत हों। पटाखों के जलने के बाद बचे हुए कचरे को अलग स्थान पर एकत्र करें और नगर निगम के कर्मचारियों को सौंपे, जिससे उसे अलग से संग्रहित कर उसका अपवहन सुनिश्चित किया जा सके।

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की मैदानी हकीकत का लिया जायजा

# अव्यवस्थाएं एवं कमियां देखकर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरूवार को विकासखंड ढीमरखेड़ा क्षेत्र का दौरा किया। यहां उन्होंने क्षेत्र में हो रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों सहित ढीमरखेड़ा तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम निधि सिंह गोहल भी मौजूद रहीं। कलेक्टर आशीष तिवारी अपने भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत सिमरिया और ढीमरखेड़ा में निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और तय समय-सीमा के भीतर पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम पंचायत सिमरिया में करीब 20 लाख रूपये की लागत से अधोसंरचना मद से निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये सहायक यंत्री अजय केशरवानी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने ढीमरखेड़ा तहसील कार्यालय परिसर में करीब 1 करोड़ 31 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद परियोजना क्रियान्वयन इकाई के सहायक यंत्री को तय मानकों और ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप एवं फर्निसिंग व पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ढीमरखेड़ा में तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण किया और यहां राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल, तहसीलदार द्वय आकांक्षा चौरसिया एवं नितिन पटेल मौजूद रहे। कलेक्टर ने तहसील भवन के निर्वाचन कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष एवं न्यायालयीन कक्षों का भी निरीक्षण किया और रीडर्स से प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रियात्मक जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने ग्राम भमका मे बेलकुंड नदी पर मनरेगा योजनांतर्गत करीब 90 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन रपटा कम काजवे स्टाप डैम का भी अवलोकन किया और इसे शीघ्र पूर्ण करने आरईएस के कार्यपालन यंत्री गौरीशंकर खटिक को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सिलौड़ी में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सिलौड़ी का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने उप तहसील सिलौड़ी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलौड़ी का भी अवलोकन किया और यहां फर्श में पानी की सीलन और मिट्टी-रेत पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उप तहसील कार्यालय के निरीक्षण में न्यायालयीन मामलों के प्रकरणों की जानकारी पटवारीवार नहीं मंगाये जाने पर भी नायाब तहसीलदार के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त की।

कलेक्टर ने भौगोलिक केन्द्र बिन्दु का भ्रमण किया और यहां की महत्ता और नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया। यहां मौजूद रहे ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर श्री तिवारी को अवगत कराया गया कि कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा यहां की नक्काशीदार बेल-बूटे युक्त जालियों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। जिस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद रहीं सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को समझाईश दी कि वे पंचायत में प्रस्ताव पारित कर , पर्यटकों से औसत शुल्क लेकर, उस पैसे से यहां सुरक्षा गार्ड रख सकते हैं।



# स्कूली बच्चों के बीच बैठे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी का शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनी स्कूल का निरीक्षण खास बन गया। जब वह अकस्मात शिक्षक की भूमिका में आ गये और उन्होंने कक्षा 1, 2 एवं 3 के छात्रों की कक्षा में खुद उनके साथ बैठकर गिनती सुनी। कलेक्टर ने छात्रा राधिका और छात्र इंदल काछी के पास बैठकर छात्रों से अब तक क्या कुछ पढ़ा है इसके बारे में छात्रों से बातचीत किया। उन्होंने छात्रों से 32 और 34 के बीच की संख्या और 45 से 48 के बीच की संख्या बताने के लिये कहा, जिस पर छात्रा अनुष्का और दीपिका ने सही जवाब बताया। इस पर कलेक्टर ने छात्रों को शाबाशी दी और वेरी गुड कहा। फन एण्ड लर्न नोटबुक के माध्यम से छात्रों को उनके पास बैठकर स्वयं अभ्यास कराया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से दो का पहाड़ा सुनाने के लिये कहा जिस पर छात्रा सृष्टि ने बिना अटके 2 का पहाड़ा सुनाया। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनी स्कूल के बच्चों को बैठने के लिए जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से बेंच उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये।

**खबर संक्षेप**

## स्वसहायता समूह की महिलाएं बना रहीं गोबर-मिट्टी के दीपक

**पन्ना।** आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पन्ना जिले की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर मिट्टी एवं गोबर के दीपकों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी के मार्गदर्शन में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना द्वारा गोबर से दीपक, शुभ लाभ एवं स्वास्तिक इत्यादि बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने बताया कि पन्ना विकासखंड के अन्नपूर्णा, वैष्णव माता स्वसहायता समूह अहिरगुआं एवं ओम गणेशाय नमः स्वसहायता समूह बृजपुर के सदस्यों द्वारा गौ काष्ठ उत्पाद दिया, शुभ लाभ, ओम एवं स्वास्तिक का निर्माण किया जा रहा है। दीपक व अन्य सामग्री का निर्माण करतीं हुईं स्वसहायता समूह की महिलाएं है। दीयों में गोबर का उपयोग किया जा रहा है जो पर्यावरण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण व अनुकूल भी है। दीपावली पर दीयों को घरों के अंदर व बाहर सजाने की परंपरा रही है। इसके अलावा गोबर को पवित्र और पर्यावरण का मित्र माना जाता है। समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे दीये बाजार में विक्रय के लिए शीघ्र उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कार्य में सुशील शर्मा जिला प्रबंधक कृषि, ओपी सोनी जिला प्रबंधक लघु उद्यमिता विकास, विवेक कुमार मिश्रा विकासखंड प्रबंधक पन्ना और क्लस्टर प्रभारी शीतल द्विवेदी आजीविका मिशन का विशेष योगदान रहा।

## चोरी का प्रयास करने वाले दो चोरों को पकड़ा

**अमानगंज।** फरियादी सुशील विश्वकर्मा पिता अशोक विश्वकर्मा उम्र 28 साल निवासी ग्राम पिपरवाह थाना अमानगंज का अपने गांव के दीपक यादव के साथ उपस्थित आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि मै उक्त पते का रहने बाला हूँ। मोटर साईकिल मिस्त्रीगिरी का काम करता हूँ कल दिनांक 15.10.2025 को मै एवं मेरे बच्चे तथा पत्नि खाना पीना खाकर घर में सो रहे थे जो रात करीब 1 बजे की बात है कि मुझे घर में किसी के घुसने की आहट सुनाई दी तो मैने देखा कि मेरे घर के अंदर कमरे मे बल्व की रोशनी मे पप्पू राजपूत निवासी ग्राम जमुनियाँ का अपने एक अन्य साथी के साथ कमरे के अंदर रखे मेरे बैग की चौन खोलकर उसमे रखे सामान को चोरी करने की नियत से हाथ डालकर टटोल रहे थे, तो मैने चिल्ला कर उन दोनो लोगो से कहा कि तुम मेरे घर के अंदर कैसे आ गये, जिससे वह दोनो लोग घर से भागने लगे मैने चिल्लाया तब तक जाग कर मौके पर मेरी पत्नि आ गई थी।

### दिवाली पर मीठा जहर ! यानि जांच ही 'मिलावटी'

# दीपावली के केवल दो दिन, मिठाईयों की जांच हेतु नहीं जागा खाद्य विभाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा नगर में दीपावली त्योहार पर लाखों की मिठाई बिक जाती है। कई दुकानदार नकली मावा व मिलावटी मिठाई बेचते हैं। पूर्व में कई बार ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई भी हुई है। दीपावली को अब दो दिन ही शेष रह गए हैं। हटा की अनेक होटलों में मिठाई तैयार हो गई है। इधर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी फील्ड में नहीं उतरे हैं।

जबकि दिवाली पर मिलावटी व स्तरहीन मिठाईयों की विक्री न हो इसे लेकर अधिकारी न सैंपल ले रहे और न ही किसी तरह की चेतावनी होटल संचालकों को दे रहे हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच मिठाई बिक्री के बाद शुरू होती है। त्यौहार के दिन या उसके एक दिन पहले विभाग के निरीक्षक कुछ होटलों में पहुंचकर सैंपल लेते हैं। यह हर साल की परंपरा है जो वर्षों से निभाई जा रही है। दीपावली के नजदीक आते ही बाजार में मिलावटी मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की भरमार हो जाती है। खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता को दरकिनार कर दुकानदार मिलावटी, दूषित और अमानक मिठाइयों का भी विक्रय करते है। बावजूद विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है और खाद्य विभाग की उदासीनता का लाभ उठाकर मिलावट खोर हल्की क्वालिटी की खाद्य सामग्री बेचकर ग्राहकों से मनमानी राशि की वसूली और शोषण से बाज नहीं आते हैं।

### अधिक मुनाफा का अवैध कारोबार

मिठाइयों के साथ डिब्बे का वजन सभी प्रकार की खुली मिठाइयां दुकानदारों द्वारा तौल के समय डब्बे में भरकर किया जाता है। अर्थात पैकिंग के साथ डब्बे भी ग्राहकों को मिठाइयों के दाम पर बेचे जाते हैं। सामग्री के दाम पर डिब्बे बेचने का अतिरिक्त मुनाफा कमाने का अवैध कारोबार भी चल रहा है।

### बेखौफ चल रही दुकान

प्रशासन और विभाग की उदासीनता के बीच हटा मुख्यालय में ही मिष्ठान कारखाने चालू हैं। जहां बेखौफ़ तरीके से मिलावटी मावा से मिठाईयां बनाई जा रहीं हैं। इसके साथ ही वहां अंधेरे कमरों में दूषित वातावरण में गंदे पानी, बजबजाती गंदगी और अन्य स्वच्छता मानकों को हासिये पर रखकर त्योहारों की मिठास तैयार की जा रही है। दिवाली के दौरान जिन खाद्य पदार्थों का उपयोग अधिक होता है, उन्हीं में मिलावटी की गुंजाइश अधिक रहती है।

### अजीब परंपरा आज भी जारी

विभाग के लोग दुकान से सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजते हैं। जब तक रिपोर्ट आती है तब तक मिठाईयां हजम हो जाती है। ऐसे में इस जांच को ही मिलावटी कहा जाए तो ज्यादा अच्छा रहेगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की यह अजीब परंपरा आज भी जारी है। बड़ा सवाल है कि जब लोग मिठाइयों को खरीदकर खा चुके होगे, तब मिठाइयों की जांच रिपोर्ट आएगी। जबकि विभाग लोगों को सही व शुद्ध मिठाइयों को खरीदकर खाने की अपील करता है।

# नहीं थम रहा अवैध शराब का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत ग्राम कल्हेरा खेड़ा मैं दिनांक 16 10.2025 को रात्रि 10:00 बजे लगभग यादव ढाबा के पास जबेरा की ओर से आ रहे एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल को मुखबर की सूचना पर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा रोका गया। पुलिस को सूचना देकर तो उनके पास से अवैध दो पेटी लाल मसाला एवं एक पेटी सफेद अवैध शराब बरामद की गई। आरोपियों के नाम उत्तम सिंह घोसी जबेरा एवं रोहित सिंह लोधी, जबेरा एएसआई अशोक सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर संपूर्ण कार्यवाही की ठेकेदार द्वारा उन गांव में भी शराब पहुंचाई जा रही है। जहां ग्राम पंचायत के सरपंच ने प्रस्ताव पास करके शराब बंदी कर दी है। लेकिन सरपंच के प्रस्ताव को कोई महत्व न देकर अवैध कारोबार किया जा रहा है।



# 24 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन



**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत कानोरा रामनगर में परमहंस योगीराज श्री शक्ति पुत्र सद्गुरू देव जी के निर्देशन में एवं माता आदि शक्ति जगत जननी जी की कृपा से आज ग्राम कानोरा रामनगर मैं 24 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर टीम प्रमुख भुजबल सिंह, मगरौन ब्लॉक अध्यक्ष बबलु बंजारा, सादपुर उपाध्यक्ष सुखराम कुशवाहा, पिपरिया घनश्याम सहित सभी माँ गुरुवर के भक्त और ग्राम वासी की उपस्थिति रही। समापन बेला में सुखराम कुशवाहा ने गुरुवर जी की विचारधारा से अवगत कराया। अंत मे निःशुल्क शक्ति जल व महा प्रसाद वितरण किया गया

# नियमों के उल्लंघन पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला दमोह द्वारा कोडिंग घटक युक्त दवाईयो के क्रय विक्रय संबंधी दिशा निर्देश जारी किए गए है। औषधि निरीक्षक महिमा जैन ने बताया शासन द्वारा कोडीन युक्त दवाईयो के क्रय विक्रय पर सख्ती दिखाते हुए सभी दवा व्यापारियों को बिना डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन के कोडीन सिरप मरीजों को नहीं देने के निर्देश दिए है। साथ ही पर्चे पर दुकान की सील साइन एवं दिनांक भी अंकित करना है। उन्होंने बताया शासन द्वारा होलसेलर के लिए 1000 बॉटल्स प्रतिमाह एवं रिटेलर्स के लिए 50 बॉटल्स प्रतिमाह क्रय विक्रय की मात्रा निर्धारित की गई है। विशेष परिस्थिति में इससे अधिक मात्रा के लिए शासन को जानकारी देना अनिवार्य है। औषधि निरीक्षक दमोह द्वारा समस्त दवा व्यापारियों को अनाधिकृत डॉक्टर अथवा बिना प्रिसक्रिप्शन के किसी भी आमजन को शेड्यूल मेडिसिन,नारकोटिक्स मेडिसिन नहीं देने के सख्त निर्देश दिए गए है। नियमों के उल्लंघन की दशा में जिला प्रशासन द्वारा लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। औषधि निरीक्षक ने बताया गत दिवस मनमीत फर्मास्यूटिकल संचालक द्वारा 70 मेडीसिन की लिस्ट की जाँच रिपोर्ट कंपनी द्वारा कार्यालय खाद्य औषधि प्रशासन दमोह में दी गई, तदोपरांत 15 अक्टूबर को औषधि निरीक्षक द्वारा यहां पर संधारित जैनेटिक बायोसिस कंपनी के विभिन्न डिवीजन के प्रोड्क्ट की जानकारी लेते हुये करीब 8 डिवीजन के 9 ड्रग के सेम्पल एवं उनके परिचेज के बिल लिये गये एवं 16 अक्टूबर को 09 ड्रग सेम्पल जाँच हेतु शासकीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। औषधि निरीक्षक ने बताया जिले के समस्त औषधि विक्रेता रीटेल एवं होलसेल को अवमानक औषधि के क्रय-विक्रय के संबंध में शासन के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया एवं पत्र देकर तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये कहा गया, जिसमें संबंधित दवाईयों की पूरी जानकारी दी गई, जो कि अवमानक घोषित की गई है। साथ ही उक्त दवाईयों को वापस लेने की प्रक्रिया कर औषधि प्रशासन दमोह को सूचित करने के लिये निर्देशित किया गया है।

# बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



**तेंदूखेड़ा।** संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ कुछ दिनों पूर्व पेशे से वकील ग्वालियर निवासी अनिल मिश्रा नामक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर एक विवादित अमर्यादित, अत्यंत निंदनीय आपत्तिजनक बयान देने के खिलाफ एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई की इस प्रकार के बयान देने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। क्योंकि बाबा भीमराव अंबेडकर हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। उनके खिलाफ इस प्रकार के बयान बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे। इस प्रकार की घटना समूचे देश को कलंकित करने वाली है। निरंतर संविधान के खिलाफ तथा संविधान की रक्षा करने वाले प्रमुख व्यक्ति भी इस प्रकार के लोगों से सुरक्षित नहीं है। इसलिए इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ दंडात्मक में कार्यवाही की जाए। उत्तम प्रसाद अहिरवार ने बताया कि बाबा भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देना तथा संवैधानिक पदों पर बैठे प्रमुख लोगों के साथ गलत व्यवहार करना ठीक नहीं है। हम सभी इस प्रकार के बयानों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं साथ ही मांग करते हैं कि ऐसे लोग जो संविधान के खिलाफ हैं उनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाए। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। उनके खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना गलत है हम सभी इस प्रकार की टिप्पणियों का विरोध करते हैं। इस प्रकार के बयान पूरे भारतवर्ष को कलंकित करने वाले हैं यह देश संविधान से चलता है तथा संविधान से ऊपर कोई नहीं है। इसलिए हम सभी मांग करते हैं कि बाबा साहब के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर ब्रह्मदास अहिरवार, रेवाराम अहिरवार, भगवान दास, राम सींग, प्रदीप अहिरवार, बबलू अहिरवार, संतोष सभापति,सक्को वाई,सपना, सुन्दर नेता,गिरधारी परस्ते, बसंत सौयाम, संदीप, दान सींग, दीपक मरावी, राहुल, देवेन्द्र, मुकेश, हल्के भाई, परसोत्तम,राजू, महेश, बलराम, तुलसीराम, मनोज, चतुर, हरजु, बहादुर, कन्नू, प्रभु, मर्दन सिंह सहित भारी संख्या में एससी एसटी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रृद्धांजलि सभा में माझी समाज ने 51 पंडितों के पैर धोएं



**दमोह।** माझी जिला दमोह के द्वारा समाज के वरिष्ठ और रेडियो कलाकार श्री भवानी प्रसाद रैकवार जी की श्रंद्धाजलि सभा में युवा माझी समाज के प्रदेश अध्यक्ष व युवा सकल हिन्दू समाज के जिला अध्यक्ष मोंटी रैकवार, संभागीय अध्यक्ष राकेश धुरिया के द्वारा पैर धोएं गये। इस दौरान माझी समाज के युवा रैकवार माझी समाज के प्रदेश अध्यक्ष व युवा सकल हिन्दू समाज के जिला अध्यक्ष मोंटी रैकवार ने बताया कि विप्र समाज हमारे लिए आस्था का केंद्र बिन्दु है। जब घर पर धार्मिक अनुष्ठान होते हैं तो विद्वान पंडितों के द्वारा ही संपन्न करायें जातें हैं। श्री रैकवार ने बताया कि आज के समय कुछ वर्ग विशेष के द्वारा समाज को तोड़ने का काम किया जाता है। हमारे दादा परदादा ने हमेशा ही पंडितों को पूज्यनीय माना है। मैंने अपने पिता जी को विप्रजनों के पैर धोकर उनके जल को अर्चन करते हुए देखा है। आज हमारी समाज ने भी विप्रजनों के जल का आचमन किया है। उन्होंने कहा कि भवानी प्रसाद रैकवार हमेशा ही सभी समाजों को जोड़ने का कार्य करते थे। उनकी श्रद्धांजलि सभा में माझी समाज ने समाज को जोड़ने का संदेश देश और दुनिया को दिया है श्री भवानी प्रसाद रैकवार के निधन से दमोह की माझी समाज को गहरी क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। माझी समाज के संभागीय अध्यक्ष राकेश धुरिया ने कहा कि की ब्राम्हण हमारे लिए सदा पूजनीय रहे हैं और यह कोई पहली बार नहीं किया है हमारे समाज विप्रजनों को हमेशा सदियों से पूजती आई है और आगे भी पूजती रहेगी। आज श्रंद्धाजलि कार्यक्रम में माझी समाज ने अपनी पुरानी परंपरा का पालन किया है। इस दौरान प्रमुख रूप से राकेश धुरिया,पैलू रैकवार, मोंटी रैकवार,मदन रैकवार, विजय रैकवार, लल्ला रैकवार, गोपाल रैकवार,प्रीतम रैकवार,गगन रैकवार,पवन रैकवार, मुन्ना रैकवार, राहुल रैकवार, रमेश रैकवार (कटनी), शीतल रैकवार, बद्री रैकवार, वरूण रैकवार, राजा बर्मन सहित माझी समाज के प्रमुख जनों की मौजूदगी रही।

# विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बटियागढ़ अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र बेलापुरवा में सीएचओ, एएनएम पद वर्तमान में रिक्त है। क्षेत्र में सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनी रहे एवं गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य देखभाल मिलती रहे, इस उद्देश्य से क्षेत्र में आज सीबीएमओ डॉ. महेश सिंह के मार्गदर्शन में दूसरा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उत्साहपूर्वक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिसमें 39 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर आयरन, कैल्शियम टैबलेट का वितरण किया गया एवं अन्य 16 मरीजों की प्राथमिक जांच कर जीवनरक्षक औषधियां दी गई।

# पंचायत फंड में कमीशन को लेकर सरपंच और उपसरपंच में खूनी संघर्ष

पन्ना।

शाहनगर क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत बुधरोड़ में पंचायत फंड के कमीशन को लेकर सरपंच और उपसरपंच के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। उपसरपंच द्वारा कथित रूप से 10: कमीशन की लगातार मांग किए जाने पर दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ी और देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। झड़प के दौरान सरपंच की बताई जा रही महिंद्रा बोलेरो वाहन को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। वहीं, विवाद में बीच-बचाव कर रहे उपसरपंच के पुत्र को सिर में गंभीर चोट आई है। दोनों पक्षों द्वारा शाहनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर मेडिकल परीक्षण कराया है तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना पंचायतों में फैल रहे भ्रष्टाचार की पोल खोलती है। सरकारी राशि के बंटवारे में हिस्सा न मिलने पर शिकायत और ब्लैकमेलिंग की घटनाएं आम होती जा रही हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।

# पन्ना पुलिस की सटीक कार्यवाही, जानलेवा फायरिंग कांड का पर्दाफाश

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में, थाना देवेन्द्रनगर पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थाना देवेन्द्रनगर के अपराध क्रमांक 504/25, धारा 109(1) बी एन एस एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध जानलेवा फायरिंग के प्रकरण में पुलिस ने घटना के मास्टरमाइण्ड सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध कट्टा, कारतूस, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल जप्त किये हैं। दिनांक 15.10.2025 को फरियादी ललित उर्फ लंपा पिता लखनलाल गुप्ता उम्र 40 वर्ष, निवासी देवेन्द्रनगर को जान से मारने की नीयत से आरोपी आकाश साहू पिता प्राणी साहू उम्र 19 वर्ष, निवासी नादेया, थाना राजनगर, जिला छतरपुर ने कट्टा एवं पिस्टल से फायरिंग कर गंभीर चोटें पहुँचाई थीं। घटना के पश्चात थाना देवेन्द्रनगर में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 504/25 दर्ज किया जाकर विवेचना में लिया गया।

घटना की जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा स्वयं मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। उनके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान एवं अनु.अधि.पुलिस पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा सतत प्रयास करते हुए दिनांक 16.10.2025 को आरोपी आकाश साहू को बड़ागाँव वेयरहाउस के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूँछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने भरत सिंह परमार पिता जगदीश सिंह परमार निवासी बड़ागाँव के कहने पर फरियादी पर फायरिंग की थी। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर कट्टा, एक जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल जप्त किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 17.10.2025 को पुलिस टीम ने मामले के मास्टरमाइण्ड भरत सिंह परमार को उसके घर बड़ागाँव से गिरफ्तार किया। पूँछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि पूर्व विवाद के चलते उसने फरियादी से बदला लेने की नीयत से आकाश साहू को पैसे का लालच देकर हत्या की योजना बनाई थी। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से उपयोग किया जा रहा मोबाइल जप्त किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** – 01 आरोपी आकाश साहू पिता प्राघी साहू उम्र 19 साल निवासी नादेया थाना राजनगर जिला छतरपुर म.प्र 02. आरोपी भरत सिंह परमार पिता जगदीश सिंह परमार उम्र निवासी ग्राम बड़ागांव थाना देवेन्द्रनगर

**जप्त सामग्री** – पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल घटना स्थल से फरियादी के द्वारा पेश करने पर जप्त की गई है। साथ ही पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का अवैध कट्टा ,एक जिन्दा कारतूस,घटना में प्रयुक्त मो.सा. व एवं 02 मोबाइल जप्त किये गये हैं।

**सराहनीय योगदान** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक आर.ए. सोनकर, उनि. दीपक सिंह भदौरिया, सउनि. शिशिर मण्डल, प्रआर कमलेश शर्मा, नीरज रैकवार, सतेन्द्र बागरी, अशोक बागरी, आर. राकेश पटेल, अंकित त्रिपाठी एवं पुलिस सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा इस प्रकरण में तत्परता एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस टीम को प्रशंसा करते हुए पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# स्वदेशी मेले को लेकर हुई बैठक



**दमोह।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा यह स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से गत वर्ष से आयोजित किया जा रहा है एवं इस वर्ष यह स्वदेशी मेले का आयोजन 6-16 नवंबर तक तहसील ग्राउंड, दमोह में किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय संगठक केशव दुबोलिया ने कहा कि की स्थानीय कला संस्कृति और हस्तशिल्प को प्राथमिकता देकर स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाए एवं विशेष रूप से महिलाओं को नेतृत्व के अवसर दिए जाएं ताकि वह भी स्वदेशी भावना को समाज में आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा सके। प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने कहा कि इस वर्ष भी देसी और स्वदेशी उत्पादों के लिए प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया, सामाजिक बैठको का आयोजन अधिक किया जाए एवं लोगों में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए प्रेरणा दी जाए। प्रांतीय महिला सह कार्य प्रमुख एवं स्वदेशी मेला संयोजक डॉ सोनल राय ने कहा की मेले में महिला स्वयं सहायता समूह, कुटीर उद्योगों को मेले में अवसर दिया जाएगा ताकि वे अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार कर सकें। विभाग संयोजक एवं स्वदेशी मेला व्यवस्थापक बृजेंद्र राठौर ने कहा कि मेले में स्थानीय उत्पादकों को एवं ग्रामीण उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ हरिओम दुबे, सह संयोजक डॉ प्रिया श्रीवास्तव, महिला प्रमुख डॉ मोनिका पालीवाल, सहसंयोजक श्रीमती संगीता श्रीधर सभी ने समवेत कहा कि आगामी दिनों में होने वाला यह स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में सशक्त कदम साबित होगा, यह मेला सिर्फ आर्थिक ही नहीं अपितु स्थानीय हस्तशिल्प, सांस्कृतिक विधाओं को भी एक नई पहचान दिलाएगा एवं सभी सामाजिक वर्ग मिलकर इस सफल बनाएंगे एवं सामाजिक सद्भाव एवं समरसता का संदेश भी देंगे। बैठक में उपस्थित स्वावलंबी भारत अभियान के समन्वयक महेंद्र जैन, सह समन्वयक अनिल खरे, प्रसिद्ध रंग कमी संस्कृत प्रमुख राजीव अयाची रवि वर्मन, संजय रावत, रविंद्र ठाकुर, करण श्रीवास्तव, संजय खरे, सह महिला कार्य प्रमुख श्रीमती रितु अग्रवाल, प्रचार प्रमुख श्रीमती कंचन असाटी, उद्यमिता प्रमुख श्रीमती दीप्ति खरे, श्रीमती गिरिजा ठाकुर विश्व हिंदू परिषद, पर्यावरण प्रमुख श्रीमती रेखा उपाध्याय, बृजेश सेन उपस्थित रहे।

# जलना जीवन भर की विकृति बन सकता है, सावधानी ही सुरक्षा है

## त्योहारों की खुशी को सुरक्षित बनाएँ, सतर्क रहें, दूसरों को भी जागरूक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के. अठया ने बताया कि दीपावली त्योहार पर आतिशबाजी, दिये, झालर, पटाखों के उपयोग के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जलना जीवन भर की विकृति बन सकता है। इसलिए सावधानी ही सुरक्षा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के. अठया ने जिले के नागरिकों को दीपावली पर्व की बधाई प्रेषित करते हुए सुरक्षा एवं जनजागरूकता हेतु जलने से बचाव-सुरक्षित दीपावली के लिए एडवायजरी जारी की है। डॉ अठया ने कहा कि त्योहारों की खुशी को सुरक्षित बनाएँ, सतर्क रहें, दूसरों को भी जागरूक करें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 108 एंबुलेन्स सेवा या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। डॉ अठया ने समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाएँ।

### क्या करें

पटाखे केवल खुले स्थान पर एवं घर से दूर जलाएँ। पटाखे मान्यता प्राप्त एवं अधिकृत दुकानों से ही खरीदें। एक समय पर केवल एक पटाखा ही जलाएँ तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखें। पटाखे जलाते समय दो बाल्टी पानी या रेत पास में अवश्य रखें। ढीले कपडे. न पहनें तथा सूती वस्त्र पहनने का प्रयास करें।

### क्या न करें

घर के अंदर या बालकनी अथवा गलियों में कभी भी पटाखे न जलाएँ। पटाखे को हाथ में पकड़कर या झुककर कभी न जलाएँ। अधजले या न जले पटाखे को छूने से बचें, दुर्घटना हो सकती है। दूसरों की ओर करके पटाखे न जलाएँ। छोटे बच्चों को पटाखे अकेले चलाने की अनुमति कतई न दें।

## खबर संक्षेप

### खोजा खेड़ी में 1100 दीपों का दीपदान एवं भंडारा आज

**दमोह।** श्री श्री 1008 बूढे दादद्दा धाम खोजा खेड़ी में शनिवार शाम 7 बजे से हरि इच्छा तक चलेगा और वहीं आरती पूजन एवं 1100 दीपों का दीपदान एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक परषोत्तम चौबे हरिओम ने सभी धर्मबंधु से निवेदन है शाम को खोजा खेड़ी पहुंचकर पूजन अर्चन कर प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ ले ने जानकारी दी।

### जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार आज दमोह प्रवास पर रहेंगे

**दमोह।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री इंदर सिंह परमार आज 18 अक्टूबर को दमोह जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री श्री परमार प्रातः 7:30 बजे भोपाल से रवाना होकर बिलखिरिया, सांची, विदिशा बायपास, राहतगढ़, सागर, गढ़ाकोटा होते हुए दोपहर 12 बजे दमोह सर्किट हाउस पहुँचेगें। दमोह आगमन के पश्चात मंत्री श्री परमार विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। आप यहाँ से प्रस्थान शाम 06 बजे करेगें।

### युवा उत्सव का आयोजन 1 नवम्बर को

**दमोह।** म.प्र. शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन 01 नवम्बर दिन गुरूवार, प्रातः 09 बजे से मानस भवन जिला अस्पताल के सामने किया जा रहा है। जिसमें कुल 07 विधाओं यथा-भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, विज्ञान मेला प्रदर्शिनी (एकल विधा) एवं समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य (समूह विधा) में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग से अथवा संबंधित विकासखण्ड के ग्रामीण युवा समन्वयक से 28 अक्टूबर तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11 से सायं 05 बजे तक आवेदन, विस्तृत जानकारी प्राप्त कर, आवेदन जमा कर सकते है।

### हरप्रसाद चौरसिया का निधन

**पटेरा।** नगर के चौरसिया समाज के प्रतिष्ठित व नगर परिषद के वार्ड क्रमांक चार के पार्षद प्रतिनिधि हरपसाद चौरसिया का 56 वर्ष की उम्र में अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। गुरुवार को मुक्तीधाम में सभी वर्गों के नागरिकों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। हरप्रसाद चौरसिया डुममन भाजपा मंडल पटेरा में, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सहित सामाजिक संस्थाओं के विभिन्न पदों पर रहकर सक्रियता से जुटे रहते थे। उनका मिलनसार स्वभाव व अनोखे अंदाज को पटेरा में हमेशा याद किया जाता रहेगा। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।



## जिला जल उपयोगिता की बैठक में लिया गया निर्णय

# सीतानगर क्षेत्र में किसानों को रबी फसलों के लिये पानी जल्द मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



खेती का समय आ रहा है हमारे जिले में स्टॉप डेम, कैनाल, तालाब और जो डेम हैं उनमें सिचाई की व्यवस्था, नदियों पर जो 60 स्टॉप डेम हैं उसकी योजना के संबंध में यह तय हुआ कि अक्टूबर के अंत-अंत तक सारे स्टॉप डेम बंद कर दिये जाएंगे जिससे कि पानी का भराव ठीक से होगा। अभी करीब 8 से 10 बंद भी हो गए जिनमें काफी जल-भराव हो चुका है और फ्लो भी आ रहा है।इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन ने जिला जल उपयोगिता के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किये। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल ने कहा खासतौर से सीता नगर से सिचाई परियोजना से पानी छोड़ना है क्योंकि अभी दूसरी परियोजनाओं में तो पानी शुरू नहीं हुआ, लेकिन सीतानगर में शुरू हो गया तो उसको किस तरीके से व्यवस्थित छोड़ना और किसानों को अवेयर करना कि जिससे वह नोजल से पानी दें, क्योंकि अगर ओपन फ्लो एरिगेशन से पानी देगे तो पानी का भी नुकसान होगा और रकबे की कम सिचाई हो पाएगी।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि मैं किसानों से आग्रह करना चाहता हूँ, उनको समझाना भी चाहता हूँ कि यह सरकार की बहुत महत्वाकांक्षी योजना है और यह अकेले दमोह जिले के लिए नहीं पूरे मध्यप्रदेश में एक नयी शुरुआत हुई थी मुझे कहते हुए गर्व है कि दमोह से ही सबसे पहले योजना शुरु हुई थी तो उसमें किसानों का सहयोग अपेक्षित है और किसान इसमें स्प्रिंकलर चलाएंगे तो उनको भी फायदा होगा। दूसरे किसानों को भी अधिक पानी मिल सकेगा इसके लिए हम लोगों ने योजना बनाई कि अलग-अलग तरीके से हर गॉव में जाकर के समिति बनाएं और वहां पर लोगों को समझाइस दें और समझाइस देकर के इस परियोजना को चालू करेंगे।

उन्होंने कहा सीतानगर से 25 अक्टूबर के बाद जो सिचाई होने वाली है उस पर सर्वे किया जाये किस गॉव में कब तक पानी की आवश्यकता है, 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर के बीच में लगभग सभी जगह पानी मिलने लगेगा और मैं किसान भाईयों से आग्रह करता हूँ कि इस बार आप लोग ठीक से सहयोग करेंगे, इसको और व्यवस्थित करेंगे तो आपको एक पलेवा का पानी और चार पानी और दिये जाएंगे जिससे गेहूँ की खेती अधिक कर सकते हैं और उनको पर्याप्त पानी मिलेगा। उन्होंने कहा इसी प्रकार से दूसरे क्षेत्र के हमारे किसान है उनसे भी मैं कहना चाहता हूं थोड़ा सा इंतजार उनको जरूर ज़्यादा हो गया, लेकिन आने वाले एक साल के अंदर हमारी जितनी भी परियोजना जैसे सतधरू जूड़ी, साजली, पंचमनगर इन सभी योजना में शुरू होगा तो मुझे लगता है कि किसानों के सहयोग की भी आवश्यकता और उनको मैं बधाई देना चाहता हूं खासतौर से सीतानगर क्षेत्र में जो रहने वाले किसान है उनको मैं बधाई और शुभकामना देता हूं कि इस साल उनको रबी फसलों के लिये पांच पानी डेमो के द्वारा दिया जाएगा।

## जेल से छूटने के बाद जहर खाकर की आत्महत्या

**दमोह।** पिछले दिनों दमोह के एक्सीलेंस स्कूल मार्ग पर केएन कॉलेज की एक छात्रा को छेड़खानी का विरोध करने पर चाकू बाजी का शिकार होना पड़ा था। लेकिन छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए कोतवाली पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने में देर नही की थी। अब उपरोक्त आरोपी युवक की जहरीले पदार्थ का सेवन करके जीवन लीला समाप्त कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बटियागढ़ थाने की सकतपुर निवासी युवक अशोक अठया 22 वर्ष को जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिए जाने के बाद अब पुलिस जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने की वजह से उसे इलाज के लिए लाया गया था लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। उल्लेखनीय कि उपरोक्त युवक के खिलाफ पिछले महीने एक कॉलेज छात्रा को चाकू मारने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद उसको पुलिस ने पकड़कर कोर्ट में पेश किया था जहो से उसको जेल भेजा गया था। बताया जा रहा है की जेल से छूटने के बाद उपरोक्त लगातार तनाव ग्रस्त बना हुआ था और इसी के चलते उसके द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त कर लेना जैसा कदम उठाया जाना माना जा रहा है।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर के साथ एक-एक कक्ष का जायजा लिया और समस्याओं को नोट कर संबंधित एजेंसी को निर्देश दिये। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रहलाद पटैल डीएचओ डॉ. रीता चटर्जी सहित चिकित्सकगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अस्पताल का निरीक्षण दो भागो में कर रहे है पहला तो बाहरी हिस्सा था जिसका अभी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा रात को 09 से 10 के बीच जाकर 02 से 03 घंटे पूरा निरीक्षण करूंगा और यह निरीक्षण आकस्मिक नही था, यह पूर्ण नियोजित निरीक्षण था इसमें सारी एजेंसियो को बुलाया था, जिसमें नगरपालिका, पीएचई, पुलिस, जिन-जिन एजेंसियो को स्वास्थ्य विभाग से काम पड़ता है, उन सबको बुलाया गया और पूरे परिसर का जायजा लिया और एक-एक बिल्डिंग को देखा गया, कहॉ-कहॉ समस्या है उनको नोट किया गया और संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि दूसरे चरण में आंतरिक बिल्डिंग में जो वार्ड और अन्य चीजों का रात्रि को निरीक्षण किया जायेगा, यह दोनों निरीक्षण होने के बाद इस पर आधारित डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ की एक मीटिंग लेगें, दीपावली के पश्चात और मीटिंग में सारे मुद्दों पर चर्चा करेगें और प्रयास करेगें कि एक महीने के अंदर सारी चीजों को धरातल पर उतार पायें। इस दृष्टि से संपूर्ण जिला अस्पताल के मुद्दो को समग्रता में देखने के लिए 4 घंटे का निरीक्षण किया है।

## छात्रों के बीच किया विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन में कमला नेहरू कॉलेज, दमोह में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में साइबर सेल दमोह से प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या, आरक्षक रोहित राजपूत, आरक्षक मयंक दुबे, एवं निर्भया मोबाइल टीम से अनुज मिश्रा तथा महिला आरक्षक रचना राजपूत उपस्थित रहे। साथ ही भोपाल से आई साइबर सर्तक रथ टीम द्वारा छात्राओं के बीच जागरूकता गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ को विभिन्न साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, ओटीपी शेयरिंग, फिशिंग कॉल्स, सोशल मीडिया फ्रॉड, फेक लिंक एवं ऐप्स के खतरे से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता को प्रभावी बनाने हेतु साइबर रथ टीम द्वारा एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें दैनिक जीवन में होने वाले साइबर जोखिमों को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। इसके साथ ही टीम द्वारा कोर्ट परिसर के बाहर आमजन को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा डिजिटल ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने का संदेश दिया गया। अंत में, सभी छात्राओं एवं आम नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या निकटतम थाने को दें।

## जागेश्वर धाम कॉरिडोर में फाइन रेत गायब, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**बनवार।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थस्थल जागेश्वर धाम बांदकपुर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट — 100 करोड़ की लागत से बन रहे जागेश्वर नाथ कॉरिडोर का निर्माण शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। निर्माण एजेंसी पर आरोप है कि वह फाइन रेत की जगह एम-सेंड (**M-Sand**) का धड़ल्ले से उपयोग कर रही है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मजबूती पर गंभीर सवाल उठ गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माण स्थल पर न तो कोई साइन बोर्ड लगाया गया है और न ही अस्थायी बाउंड्री वॉल बनाई गई है, जिससे



वहां किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इसी बीच, निर्माण कार्यों में देरी और घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायतों के बाद, जिला न्यायाधीश एस.एस. सोलंकी और कलेक्टर सुधीर कोचर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण एजेंसी को जमकर फटकार लगाई। कलेक्टर सुधीर कोचर ने साफ निर्देश दिए है सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण और तय समय सीमा में पूरे किए जाएं, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पर्यटन विभाग के ईई अनूप गुप्ता ने "काली डस्ट"के उपयोग को नकारते हुए कहा कि तुरंत जांच के लिए उपयंत्री को मौके पर भेजा जा रहा है। वहीं, पर्यटन विभाग के एसडीओ मनीष डेहरिया ने भी स्पष्ट किया बेस बनाने के लिए एमसेंड का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन आरसीसी या फाइन वर्क के लिए फाइन रेत ही इस्तेमाल होगी। यदि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग पाया गया, तो कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन की सख्ती के बावजूद फाइन रेत की जगह एमसेंड के उपयोग और ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से यह पूरा मामला अब संदेह के घेरे में आ गया है।

## धर्मांतरण के खिलाफ दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के राष्ट्रीय आव्हान पर अनुसूचित जाति जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत जिला दमोह द्वारा धर्मातरण एंव लव जिहाद के विरोध में स्थानीय कीर्ति स्तम्भ चौराहा दमोह धरना एवं प्रदर्शन किया गया जिसमे बताया गया कि पूर्व रिटायर्ड जज जो स्वयं कौम विशेष से संबंध रखते है। ईसाई संगठनों के साथ सितम्बर माह में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई जिसमें इनके द्वारा यह मांग की गई है कि भारत के जिन राज्यों में धर्मान्तरण रोकने के लिये धर्म स्वातन्त्र अधिनियम के तहत कानून बनाये गये है उन्हें निरस्त किया जावें। विडम्बना यह है सुप्रीम कोर्ट द्वारा तत्काल सुनवाई करते हुये नोटिस जारी किये गये जो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को दिये गये किन्तु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस नहीं दिये गये जबकि ईसाई मिशनरियों द्वारा एवं इस्लामिक जेहादी संगठनों द्वारा सर्वाधिक धर्मान्तरण अनुसूचित जनजाति समाज एवं अनुसूचित जाति समाज का किया गया है, जिसका साक्षात परिणाम है कि अनुसूचित जनजाति समाज में नागा जनजाति / बोडो जनजाति विलुप्त होने की कगार में है धर्मान्तरण केवल धर्मान्तरण नहीं वरन राष्ट्रान्तरण है जिसका परिणाम है कि पिछले 1500 वर्ष में भारत वर्ष के 25 टुकडों के रूप में विभाजन हुआ। वर्तमान समय में भारत के 09 राज्यों में एवं 200 जिलों में धर्मान्तरण के कारण हिन्दू समाज अल्पसंख्यक होने की कगार में है एवं धर्मान्तरण के कारण वर्तमान भारतवर्ष में निवासरत मूलसमाज का अस्तित्व खतरे में है। हम माँग करते है कि धर्मान्तरण के खिलाफ देश में कठोर कानून बनाते हुए धर्मान्तरण कार्यों के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया जाये। जो शिक्षण संस्थायें एवं स्वास्थ्य संस्थाये शिक्षा एवं स्वास्थ्य के नाम पर धर्मान्तरण का कार्य करते है उन्हे तत्काल प्रभाव से बंद कर उनके उपर 50 लाख का जुर्माना लगाया जाये। उक्त धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गो की सहभागिता रही एवं विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत जिला एवं नगर के साथ-साथ प्रखण्डो के पदाधिकारीगण एंव कार्यकर्ता सम्मलित हुये।

## विधायक जयंत मलैया ने किया फटाका विक्रय मेले का शुभारंभ

### व्यापारियों से की उचित दामों पर पटाखे बेचने की अपील



**दमोह।** दीपावली पर्व के अवसर पर शुक्रवार को हटा नाका स्थित फटाका विक्रय मेले का शुभारंभ विधायक श्री जयंत मलैया ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। विधायक जयंत मलैया ने कहा कि दीपावली खुशियों और प्रकाश का पर्व है। व्यापारी भाइयों से आग्रह है कि वे उचित दामों पर पटाखों की बिक्री करें, ताकि हर वर्ग का नागरिक इस त्यौहार को उल्लासपूर्वक मना सके। साथ ही सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे ने कहा कि "भाजपा सरकार सदैव छोटे व्यापारियों के साथ खड़ी है। दीपावली का यह पर्व 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को सशक्त बनाता है। सभी व्यापारी स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और ग्राहकों को उचित दर पर सामग्री उपलब्ध कराएँ। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष श्री कपिल सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, सकल हिंदू समाज के नगर अध्यक्ष मोंटी रैकवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष रोहित, पार्षद श्री मोनू राजपूत, लालू जैन, मयंक वाधवा, टोनी राय, विकास जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## सत्संग एवं धर्म प्रवचन का मिला लाभ



**हिनौताकलां।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वृंदावन से पधारे श्री श्री 108 हरे कृष्ण दास जी महाराज के सानिध्य में पवन असाटी के घर पर सत्संग एवं धर्म प्रवचन का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक मंडल के भक्तों द्वारा कीर्तन का रसपान कराया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम के सभी भक्तों ने आशीर्वाद ग्रहण किया।

## तेजगढ़ में धान की फसल पर इल्ली का प्रकोप

### खेतों में झड़ रही धान की बालियां, किसानों को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



तेंदूखेड़ा तहसील के तेजगढ़ क्षेत्र में इस समय धान की फसल पर इल्ली का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। खेतों में खड़ी फसलें झड़ने लगी हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।कई किसानों के खेतों में कहीं हार्वेस्टर से कटाई शुरू हो चुकी है, वहीं जिनकी फसल अभी हरी अवस्था में है, वे कुछ दिनों बाद कटाई की तैयारी में हैं। लेकिन इल्ली लगने से खेतों में धान की बालियां झड़कर गिर रही हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ग्राम हर्रई के किसान जवाहर सिंह, चंदू मराठा, प्रताप राव,और उजयार सिंह दाऊ ने बताया कि इल्ली लगने से फसल कमजोर पड़ गई है और उत्पादन में भारी कमी आने की आशंका है। किसानों का कहना है कि लागत व मेहनत दोनों पर संकट खड़ा हो गया है। तेजगढ़ क्षेत्र के हर्रई सिंगौरगढ़, पतलोनी, हिनोती माड़नखेड़ा, हरदुआ हाथीघाट, परासई,कंसा, समदई, दिनारी, कुलआ, देवरिलीलधर, सुनवाही, करौंदी पड़रिया, छिरकोना सहित कई ग्रामों में धान की फसल पर इल्ली का प्रकोप देखा जा रहा है। फिलहाल किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने और मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसान बोले कीटनाशक दवाई भी नही कर रही काम धान की फसलों में इल्ली बहुत ज्यादा है। व्यापारी बहुत महंगे दामों पर कीटनाशक दवाई बेच रहे हैं लेकिन न दबाओ का असर हो रहा है ना ही पाउडर का असर हो रहा है। इस संबंध में कृषि वैज्ञानिक राजेश द्विवेदी से बात की तो उन्होंने कहा की धान में इल्ली के लिए ईमामेथेलिन बेंजोयड व्यापारिक नाम टाटा का रिलान कोरोमंडल का बेंजर 100 ग्राम दवा प्रति एकड़ में 200 लीटर पानी 1 एकड़ में शाम के शाम ईल्ली का प्रकोप बढ़ता है।तो शाम में स्प्रे करें तो ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

### इनका कहना है

आपके माध्यम से सुना पहली बार सुन रहा हूँ कि धान में इल्ली हैं। ओर अभी तक ना कोई आवेदन आया है। धान की फसले तो लास्ट चल रही है।और में जानकारी लेता हूँ।

**डॉ विवेक व्यास,**
**तेंदूखेड़ा तहसीलदार**

## महंगाई और ऑनलाइन के कारण प्रभावित हो रहा दुकानदारों का व्यापार

# दिवाली के दो दिन शेष, बाजार में रौनक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



रोशनी का त्योहार दिवाली अब महज दो दिन शेष है, लेकिन इस बार बाजारों में वैसी रौनक और उत्साह नदारद है, जिसके लिए यह त्योहारी सीजन जाना जाता है। बाजार में ग्राहक तो दूर पूछपरख तक कम हो रही है। हटा के बाजार में अब तक खरीदी का उत्साह नजर नहीं आया है। इससे छोटे-बड़े व्यापारी मायूस हैं और भविष्य को लेकर चिंतित भी। महंगाई की वजह से अब दिवाली से भी ज्यादा उम्मीद नहीं है। कुल मिलाकर महंगाई की दोहरी मार और ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा ने इस साल दिवाली के उत्साह को कम कर दिया है। बता दें लोग घर बैठे-बैठे ही ऑनलाइन शॉपिंग कर ले रहे हैं, बाजार से दूरी बनाए हुए हैं, जिसकी वजह से इस दिवाली पहले जैसा माहौल नजर नहीं आ रहा है। इसके पूर्व करवाचौथ पर भी कारोबार उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। महंगाई की वजह से अब दिवाली से भी ज्यादा उम्मीद नहीं है।

### ऑनलाइन शॉपिंग का असर

रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन ने इस दिवाली शहर के पारंपरिक बाजार का माजरा बिगाड़ दिया है, जिसका सबसे ज्यादा असर सर्राफा पर दिखाई दे रहा है। सर्राफा बाजार में दिवाली से ठीक पहले सन्नाटा पसरा हुआ है। इसका मुख्य कारण सोना चांदी के भाव का आसमान छूना है। सर्राफा व्यापारी योगेश सराफ ने बताया कि सोने चांदी के एक लाख रुपये के पार हो जाने से यह आम आदमी की खरीदी क्षमता शक्ति से बाहर हो गया है। ज्यादातर ग्राहक शगुन के हिसाब से सिक्का लेना ही पसंद कर रहे हैं, लेकिन सोनी चांदी के अन्य सामग्री से दूरी बनाए हुए हैं। बाजार में पारंपरिक दिवाली की चमक गायब है। रेडीमेड कपड़ा व्यापारी पप्पू तिवारी, शैलेंद्र परिहार ने बताया कि आजकल लोग कपड़ा भी पसंद के घर बैठे ऑनलाइन खरीदी कर रहे है जिस ग्राहकी अब 50% ही शेष रह गई है।

### धनतेरस पर बर्तनों का रहता है क्रेज

धनतेरस पर कई लोग बर्तन विशेष रूप से खरीदते हैं। दुकान संचालकों ने बताया कि कांसे का रेट भी लगभग तांबे के बर्तन जैसा ही है। बर्तन विक्रेताओं ने बताया कि ज्यादातर लोग पुराने बर्तन को बदलने बाद और पैसे लगाकर नए बर्तन व धनतेरस के दिन खरीदना पसंद करते है। धनतेरस एक ऐसा पर्व है जिसमें बर्तन की भी अच्छी खरीदी की जाती है। खास कर गृहणियां किचन का सामान खरीदने में ज्यादा रुचि दिखाती है। इसे देखते हुए विक्रेता तांबे की बाल्टी, लोटा, में दुकानों में गिलास. थाली सहित विविध तरह के प्लेट विविध रेंज में रखे हैं। गृहणियां धनतेरस को खास बनाने किचन की जरूरी सामानों में गुंडी, लोटा, थाली, गिलास, परात, बाल्टी और पेयजल रखने हौला खरीदने में रुचि ले रहे हैं।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कनिष्का स्वर्णकार आत्मजा श्री हेमंत स्वर्णकार सिविल निवासी वार्ड नं 8 टंडन बगीचा दमोह मप्र का स्थानांतरण प्रमाण पत्र जो कि 12वीं परीक्षा सन 2024 में उत्तीर्ण होने के पश्चात केन्द्रीय विद्यालय दमोह मप्र से जारी किया गया था, वह कही गुम हो गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को प्राप्त हो तो निम्न पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

सूचनाकर्ता
कनिष्का स्वर्णकार, आत्मजा श्री हेमंत स्वर्णकार निवासी सिविल वार्ड नं 8 गली नं 3, टंडन बगीचा दमोह मप्र